Temporary Permit

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In clause 5 there is one amendment (No.3) by the Minister.

SHRI T. R. BAALU: Sir, I beg to move:

That at page 2, line 34, *for* the words "thirty days" the words "forty-five days" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

Clause 5, as amended, was added to the Bill.

Clauses 6 to 14 were added to the Bill.

Clause 1 - short title and commencment.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In clause 1 there is one amendment (No. 2) by the Minister.

SHRI T. R. BAALU: Sir, I beg to move:

That at page 1, line 2, *for* the figure "2005" the figure "2007" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

Enacting Formula.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There is one amendment (No.l) by the Minister.

SHRI T. R. BAALU: Sir, I beg to move:

That at page 1, line 1*, for* the word "Fifty-sixth" the word "Fifty-eighth" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

SHRI T. R. BAALU: Sir, I move:

"That the Bill, as amended, be passed."

The question was put and the motion was adopted.

The Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2007

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (DR. AKHILESH PRASAD SINGH): Sir, I move:

"That the Bill to make provisions for the development and regulation of warehouses, negotiability of warehouse receipts, establishment of a

warehousing development and regulatory authority and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, the Government introduced the Warehousing (Development and Regulation) Bill in the Lok Sabha on 7th December, 2005. The Bill was referred to the Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution for its examination on 19th December, 2005. The Standing Committee submitted its recommendations to the Speaker of Lok Sabha on 31st October, 2006. The recommendations of the Standing Committee were examined in consultation with State Governments, Central Ministries and experts. The official amendments were moved in the Lok Sabha during consideration of the Bill. The Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2005, along with the official amendments was passed by the Lok Sabha on 15th May, 2007.

The Bill intends to introduce a negotiable warehousing receipt system in the country to make warehousing receipts a fully negotiable instrument. The main objective of the Bill is to ensure proper returns to farmers by encouraging scientific warehousing of goods, lowering the cost of financing, ensuring a shorter supply chain, enhancing rewards for grading and quality and providing for better price risk management. The introduction of a negotiable warehouse receipt would increase liquidity in rural areas and would give a safety net to farmers against distress sale. Though, the Minimum Support Price operations take care of a number of crops, the ability of the farmer to keep his surplus goods in scientific warehouse and obtain institutional credit on the basis of such receipts has been hampered due to absence of an appropriate legislation which enables the same.

I would like to apprise the hon. Members about the need of introducing the negotiable warehouse receipt in the country.

At present the term"'warehouse receipt" means a receipt in the prescribed form, issued by a warehouseman to any person depositing in the warehouse.

So far, the use of warehouse receipt has remained confined to be a collateral security for grant of loans by the commercial banks against the goods stored in warehouses. The warehouse receipt has not yet gained its acceptability so as to make it freely transferable from one person to another, as there is no legal back up at present.

The possibility of including the negotiability of warehouse receipt within the ambit of the Negotiable Instruments Act, 1881 was explored in consultation with the Ministry of Law. But the latter opined, "It may not be advisable to amend the Negotiable Instruments Act for the purpose of that Act. It would be better to enact a new legislation in concurrence with the Ministries/Departments concerned."

The warehouse receipt cannot be brought under the purview of the Negotiable Instruments Act. 1881, which deals only with the monetary transactions through the specified instruments *viz.* promissory notes, bill of exchange, cheques and *Hundi*.

In view of the legal advice, it was decided to have a separate Central legislation for making the warehouse receipt fully negotiable, so as to give full enforceability and transparency to the warehouse receipts.

The need for introduction of negotiability of warehousing receipts has arisen as the warehouse operators, at present, do not enjoy the fiduciary trust of depositors and banks. Even if the banks wish to finance against warehouse receipts, they are either limited to those operators whom they trust or they have to incur high costs in screening out suitable warehouse operators. Sir, this will be accomplished by setting up policy and legal framework for making the warehouse receipt a fully negotiable instrument. The Warehouse Development and Regulation Act is proposed to be enacted.

The Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2007, has been drafted in consultation with concerned Departments/Ministries and other stakeholders. The proposed legislation *inter alia* seeks (i) to provide the regulation of such warehouses which intends to issue negotiable warehouse receipts through a process of registration; (ii) to provide accreditation of warehouses through approved accreditation agencies; (iii) to define liabilities and duties of warehousemen; (iv) to define liabilities and duties of warehousemen; (v) to define the condition for negotiability of warehouse receipts by delivery and endorsement; (vi) to establish an authority to be called the Warehousing Development and Regulatory Authority to regulate and ensure implementation of the provision of the proposed legislation and defining the offences and penalty in respect of any offence committed.

The Standing Committee had gone through the Bill in great detail and made a number of suggestions. I am grateful to the Chairman and Members of the Standing Committee for the detailed analysis and the recommendations on the proposed legislation. The Government has been greatly benefited by these recommendations and has accepted most of the suggestions of the Committee. The Government feels that the passing of this legislation will bring about a marked improvement in the lives of farmers and the warehousing scenario of this country.

Sir, I move the motion for consideration of the Bill and request the House to pass the Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2007.

The question was proposed.

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (राजस्थान) : माननीय उपसभापति महोदय, अभी-अभी माननीय राज्य मंत्री महोदय, ने The Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2007 जो लोक सभा ने पास कर दिया है, यहां रखने के बाद हमसे चाहा है कि राज्य सभा भी इसको पारित कर दे। माननीय उपसभापति महोदय, उन्होंने उद्देश्यों और कारणों का जिक्र करते हुए पांच उद्देश्यों को यहां पारिभाषित किया है। वैसे इस बिल में छोटे शब्दों में उस बात का वर्णन किया गया है जिसकी चर्चा मैं आगे करना चाहूंगा। "It is a Bill to make provisions for development and regulation of warehouses, negotiability of warehouse receipts, establishment of Warehousing Development and Regulatory Authority." जो मुख्य मुद्दा है और जिस मुद्दे की चर्चा उन्होंने की है, अगर एक मुख्य मुद्दा है तो वह यह है कि ये जो रिसीट्स हैं, इन रिसीट्स की नेगोशिएबिलिटी बनायी जाए। यह बात, जब यह बिल लोक सभा में आने के बाद स्टेंडिंग कमेटी में गया तो स्टेंटिंग कमेटी के सामने चर्चा करते हुए जो मंत्रालय हैं, जो मंत्रालय के प्रतिनिधि हैं, उन्होंने कही कि नेगोशिएबिलिटी बनाने के कारण इन रिसीट्स के 6 फायदे होने वाले हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी में वृद्धि माल के वैज्ञानिक भण्डागारण को प्रोत्साहन, वित्तीय पोषण की लागत में कमी, छोटी और अधिक कार्यकुशल

आपूर्ति श्रृंखला श्रेणीकरण, गुणवत्ता के लिए पुरस्कार में वृद्धि, बेहतर कीमत प्रबंधन। जिस एक मुख्य उद्देश्य को लकर इस बिल को प्रमुखतयः लाया गया है, इन रिसीट्स को नेगोशिएबल बनाने के कारण इन 6 लोगों की चर्चा की गयी हैं। और जिसकी चर्चा स्टेंडिंग कमेटी में भी सरकार के प्रतिनिधियों ने की। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि विचाराधीन विधेयक में उन उद्देश्यों की पूर्ति पूरी तरह से नहीं होती है और इसका उद्देश्य सीमित है तथा वह भांडागारण की सारी बातों को पूरा नहीं करता है। उसकी क्षमता का क्या उपयोग होगा, इसको मंत्री महोदय देखने की कृपा करेंगे। भाण्डागारों की क्षमता का उपयोग, भाण्डागारों की वर्तमान समसस्याएं, उसमें उत्पन्न होने वाले विवाद, भाण्डागार का लाभ अन्ततः किसे, मिले, इन बातों का गंभीरता से विचार नहीं किया गया है। मुझे तो कभी-कभी ऐसा लगता है कि इस पर पहले भी बिल था अब बिल और लाए हैं। इसमें एक बात प्रमुख है, ऐसा लगता है हमारे यहां मारवाड़ी में कहते हैं कि फटी हुई चादर पर ठेकली लगाना, पैबंद लगाना, पैच लगाना। वर्तमान में जो विधेयक आया हैं, भाण्डागार में जिन समस्याओं का जिक्र मैंने किया है, जो समस्याएं आने वाली हैं उन पर पूरा विचार नहीं किया गया है, यह केवल फटी चादर में ठेकली और पैच लगाने की प्रक्रिया की गई है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय, से यह भी और कहना चाहता हूं कि यह जो भाण्डागार की समस्याएं हैं वे कई नई नहीं है। इसमें 50 वर्षों से विभिन्न प्रकार के प्रयोग किए गए हैं। राज्य के भाण्डागार से लकर निजी भाण्डागार तक उनके विकास के प्रयत्न किए गए, निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए, उनके भण्डार बनाने के लिए अनेक प्रकार का प्रोत्साहन और सुविधाएं भी सरकार ने दी हैं। कोल्डस्टोरेज की स्थापना भी की गईहै। उद्देश्य शायद यह था कि किसानों को उनके उत्पाद की उचित कीमत मिलेगी। किन्तु जब स्टेंडिंग कमेटी में यह विषय गया और स्टेंडिंग कमेटी मे लोगों ने पूछा कि यह बताइए कि महाराष्ट्र में इन भाण्डागारों की क्षमता का कितना उपयोग हो रहा है? तो उन्होंने 45 परसेंट का उपयोग होना बताया। कर्नाटक वालों ने 50 परसेंट उपयोग होना बताया। यहां तक कि जब केन्द्रीय भाण्डागार निगम से बातचीत हुई, सरकार ने बताया कि उनका उद्देश्य यह था कि 40 परसेंट भाण्डागार का उपयोग किसानों के लिए होना चाहिए। इस पर समिति ने पूछा के क्या भाण्डागार कारोबार का वर्तमान ढांचा जो आपकी अपेक्षाओं की पूर्ति कर रहा है मैं कहना चाहता हूं जब आप रिपोर्ट पढ़ेंगे तो देखेंगे कि इस बात का कोई उत्तर नहीं दिया गया और टाल दिया गया। इसलिए पहली बात तो यह कहना चाहता हूं कि जो ये भाण्डागार किसानों के लिए और अन्य लोगों के लिए बनाए गए है उनके पूरे उपयोग की कोई व्यवस्था की जाए। उसी तरह किसानों को कम से कम 40 परसेंट भाण्डागार के उपयोग करने की बात होनी चाहिए।

माननीय मंत्री महोदय, मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि इस भाण्डागार का उपयोग कौन कर रहा हैं, लगभग 90 परसेंट बिचौलिए उपयोग कर रहे हैं। मैं कोई चलता हुआ आरोप नहीं लगा रहा हूं। आप इसको जरा स्टडी करिए और मैं चाहता हूं कि इसका उपयोग बिचौलिए नहीं करें। बिचौलिए उपयोग न करें, उपयोग निश्चित रूप से सीमांत और छोटे किसानों द्वारा हो। होता क्या है, बिचौलिए फसल खरीद लेते हैं, फसल के समय कीमतें कम होती हैं, रख देते हैं, कीमतें बढ़ती हैं तब निकालते हैं। और 90 परसेंट मात्रा में इसका उपयोग बिचौलियों द्वारा किया जा इसका फायदा किसानों को नहीं होता है, उनकी समस्या वैसी की वैसी बनी हुयी है, इसीलिए इस कानून को बनाते समय, इस विधेयक को लाते समय, इस बात की चिंता की जानी चाहिए थी, जिसकी चिंता नहीं की गयी है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदय से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि यह सब्जेक्ट समवर्ती सूची का है। उन्होंने अपने प्रस्तावित भाषण में कहा है कि सबसे चर्चा की गयी है, किन्तु मैंने समिति की वर्डिंग्स को पढ़ा है, समिति के समक्ष मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि इस विधेयक के संबंध में राज्य सरकारों से कोई सलाह नहीं ली गयी। क्या आप उन पर यह थोपना चाहते हैं? उनके भी भांडागारण हैं, उनकी भी कोई व्यवस्था है। यह समवर्ती इश्यु जरूर हैं, केन्द्र का भी हैं, राज्यों का भी हैं, किन्तु राज्यों के अधिकारों का हनन करने की आवश्यकता नहीं है, उनको भी कांफिडेंस में लिया जाना चाहिए और इसीलिए मुझे कभी-कभी डर लगता है कि कहीं इसकी वैधानिकता तो संदिग्ध नहीं हो जाये। माननीय मंत्री जी इस बात पर भी विचार करें और विचार करने के बाद ऐसी स्थिति कोई पैदा न हो कि राज्य सरकारों के साथ, इस कानून को बनाने के बाद कहीं conflict अगर खड़ा हो, तब आप ऐक्सप्लेन करने की स्थिति में नहीं रहें। यह समवर्ती इश्यू है इसलिए राज्य सरकारों को कांफिडेंस में लिया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, इय विधेयक को बताने के लिए stake holders, राज्य सरकारों, भांडागारण निगम, निजी भांडागारण संस्थानों, इन सभी के साथ विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए थी और विस्तृत चर्चा करने के बाद एक समग्र विधेयक, एक कम्प्रेहेंसिव लेजिसलेशन लाने की आवश्यकता थी, ऐसी मेरी मान्यता है, जिस पर विचार करने की आवश्यकता है।

उपसभापति महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि भांडागारण निगमों/भाण्डागारों में जो वस्तुएं रखी जाती हैं, उनकी हालत क्या हैं, यह बड़ी चर्चा का विषय है, जिसके बारे में विचार करने की आवश्यकता है। सरकारी आंकड़ो के अनुसार दो प्रतिशत अनाज खाने योग्य नहीं रहता, यहां तक कि उसका उपयोग पशु खाद्य के रूप में भी नहीं किया जाता इस मात्रा में भांडागारों में जमा किया हुआ अनाज सीलन, चूहों और अन्य कीटों द्वारा खराब हो जाता है। आप भी मानते हैं कि दो परसेंट अनाज खराब हो जाता हैं, तो आप उनको कौन-सी क्षतिपूर्ति देते हैं? इसलिए आप विधेयक को देखने की कृपा करें। आप उस समय की क्षतिपूर्ति देते हैं, जिस समय जमाकर्त्ता ने माल जमा कराया है और उस समय की कीमत कम होती है। माननीय मंत्री महोदय, वह माल जमा क्यों कराता हैं? क्योंकि जिस समय माल आता हैं, फसल होती है, उस समय कीमतें कम होती हैं, उससे बचने के लिए किसान या और कोई व्यक्ति वहां जमा कराता है, लेकिन उसे क्षतिपूर्ति दो परसेंट की दी जाती हैं, यह आपके आंकड़े कहते हैं। जिस समय वह माल वापिस निकाले, उस समय की बाजार कीमत क्या है, क्या क्षतिपूर्ति उसके हिसाब से नहीं दी जानी चाहिए, मेरा विश्वास है कि यह उसे देने की आवश्यकता है। इस विधेयक मे उसका कहीं वर्णन नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि जिस समय माननीय मंत्री जी प्रत्युत्तर दें, आप मेरी इस बात को सोचने की कृपा करें कि जिस समय जमाकर्त्ता माल निकालें, उस समय की जो बाजार की कीमतें हैं उसी के हिसाब से उसको क्षतिपूर्ति देने की व्यवस्था की जाये।

मैं एक निवेदन और करना चाहता हूं कि इस विधेयक में,जैसा आपने उद्देश्य में कहा है कि श्रेणीकरण और गुणवत्ता के आधार की भी चर्चा की गयी है। हम सब जानते हें कि जब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद होती है, उस समय गुणवत्ता के नाम पर कितना भ्रष्टाचार होता है। टेबल के नीचे कितना लेन-देन होता है। माल की गुणवत्ता को लेकर ये झगड़े फिर होने वाले हैं। जो उसका मालिक हैं, वह मालिक भांडागारण का पालक कितनी हेरा-फेरी करेगा? कौन किसान की रक्षा करेगा, यह भी एक बड़ा विषय हैं। इसका भी विचार करने की आवश्यकता हैं।

माननीय मंत्री महोदय, एक निवेदन और करना चाहता हूं। आपने जिस बात की परम आवश्यकता रखी है, जो इस विधेयक का मुख्य ऐम हैं, वह है नेगोशिएबल बनाना।

5.00 P.M.

यदि कभी कोई दूसरा व्यक्ति चाहें तो उस रसी का खरीद लें। रसीद लेने के पश्चात् उसके आधार पर फाइनेंस कर सके। मुझे कभी-कभी लगता है कि इसका नाम जो लिखा हैं, "भांडागारण (विकास एवं विनियमन)", उसमें एक बात बताने की कृपा करेंगे कि इस सारे विधेयक में कहीं विकास और निर्माण जो भांडागारों का हुआ है, उसमें आपने एक रेग्युलेटरी बोर्ड जरूर बना दिया है, किन्तु आप भाण्डागारों के विकास के लिए सारे देश में क्या व्यवस्था कर रहें हैं? आपके पास क्या कोई विचार हैं? मुझे तो लगता है कि इसका शीर्षक ही बदला जाना चाहिए। विकास शब्द नहीं हो, न और केवल भांडागारण विनियमन विधेयक हों, इस प्रकार का विचार करने की आवश्यकता हैं।

अब मैं आपसे रजिस्ट्रीकरण की चर्चा करना चाहता हूं। कहा गया है कि रजिस्ट्रेशन करेंगे, किंतु किन भंडारों का करेंगे? उनका करेंगें जो नेगोशिएबल रसीदें देंगे। इसे आप दो श्रेणियों में बांट रहे हैं। आप उनका विनियमन करेंगे जो नेगोशिएबल रिसीट्स देंगे। इसका मतलब क्या होगा? दो प्रकार की श्रेणियों के भांडागारण आ जाएंगे। एक तो आएंगे नेगोशिएबल रिसीट देने वाले, जिसका विनियमन यह विनियमन बोर्ड करेगा। दूसरे कौन से बोर्ड और भांडागारण हो जाएंगे? दूसरे वे हो जाएंगे जिनका विनियमन नही होगा। उनके पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। वे इस सीमा के बाहर होंगे। यह एक चोर दरवाजा होगा। इस चोर दरवाजे के माध्यम से जमाखोरी होगी, भ्रष्टाचार होगा और शोष्ज्ञण का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। आप इस बात पर भी विचार करके रखिए। आप नेगोशिएबल रिसीट्स बना रहे हैं, यह बहुत अच्छा हैं। यह लक्षण भी अच्छा है। यह उद्देश्य भी अच्छा है। किंतु जैसाकि आजकल हो रहा है, उसकी वजह से यह बात करके ठीक नहीं होगा। मुझे शिक्षा मंत्री रहने का मौका मिला है। जो अनुदान लेते हैं, उनके बारे में नियमन करने कर कुछ अधिकार सरकारों को रहता है। जो नही लेते हें, उनका अधिकार नहीं रहता है। एक बड़ी बात खड़ी हो गई कि सुप्रीम कोर्ट को उनकी बातों को सोल्व करने के लिए बीच में आना पड़ा।

माननीय मंत्री महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इसे दो श्रेणियों में बांट कर आप विनियमन के कारण जो भेद पैदा कर रहे हें, उस बात की भी चिंता कीजिए। अब तो नया जमाना आ गया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां और नीजि निवेशक आगे आ रहे है। वे आगे आएं। आपने परिणाम भी देख लिया है। उनके आने के कारण केंद्र सरकार और राज्य सरकारें अपने रिपोर्ट प्राइस पर जितना अनाज इकट्ठा करना चाहिए, वे नहीं कर रही हैं। ये जो बहुराष्ट्रीय कंपनियां आ गई हैं, हमने इन्हें अवसर भी दे दिया है, लेकिन इसका परिणाम क्या होगा? इसका परिणाम यह होगा कि ये कंपनिया भी उन भांडागारण के अंदर घुस जाएंगी। घुसने के समय उनको थोड़ा पैसा एडवांस दे देंगी, उनका माल जमा करा देंगी, लेकिन निकालेंगी भी ये, बेचेंगी भी ये, लाभ भी कमाएंगी और बिचौलिए का रूप भी ये ही धारण करेंगी। हमारे सीमांत और छोटे किसान टुकुर-टुकुर करके देखतें रहेंगे। आप कृपया करके कोई व्यवस्था कीजिए ताकि भांडागारण के कारण कम से कम बहुराष्ट्रीय केपनियां और निजी क्षेत्र के लोग इस नाते से अंदर घ्ज्ञुसकर सीमांत और छोटे किसान की वह स्थिति पैदा करने की कोशिश न करें। माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपसे चर्चा करना चाहता हूँ कि कृषि उपज मंडियों का निश्चित रूप से सारे देश में एक नेटवर्क हैं। सहकारिता के माध्यम से सीमान्त और छोटे किसान को लाभ पहुँचाने के लिए भांडागरण की व्यवस्था उनके मालिकों के आधार पर कौन से स्थान पर बने, यह ठीक नहीं है। वे इसे कहाँ बनाते हैं? वे इसे उन स्थानों पर बनाते हैं, जिनका उपयोग बिचौलियों के लिए होता है। आवश्यकता क्या हे? आवश्यकता यह है कि भांडागार वहाँ बने, जहाँ किसान को

फायदा हो। क्यों नहीं कृषि उपज मंडियो का जो नेटवर्क तैयार किया हुआ है उनमें भांडागार बनाने के लिए प्रोत्साहन मिले, ताकि किसान आसानी से थोड़ी सी दूर जाकर अपना माल वहाँ जाम करा दो।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, now it is 5 o'clock. It was agreed to earlier that these two legislative businesses would be completed today. So, I want the sense of the House that we will complete these two businesses.

श्री सुषमा स्वराज : सर, आप इसे बिल्कुल पास करा दीजिए। बिल आज पास करना है, कोई दिक्कत नहीं हैं। लेजिस्लेटिव बिजनेस की प्रॉयरिटी हैं, आप इसे करिए। आप इसे पास करवा दीजिए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, मेरा निवेदन यह है कि मैं अपना भाषण तो पूरा कर लूँ। सर, मैं specific चीजें उठा रहा हूँ और यह विषय भी ऐसा है, तो जल्दबाजी न करें।

श्री उपसभापति : मैं जल्दबाजी नही कर रहा हूँ।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूँ और मैडू, आपसे भी निवेदन है कि अभी शुरू हुआ है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप पूरा बोलिए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : मैं पूरा बोलूँगा, किन्तु मेरा यह कहना है कि ऐसा नहीं होने पर clarification नहीं होगी। मैं तो बोल दूँगा, लेकिन मैंने जो बाते उठाई हैं, उनका clarification ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज : मंत्री जी, आप पूरा clarify कीजिए, चाहे बिल 8 बजे पारित हो। मंत्री जी पूरा नोट कर रहे हैं, वे पूरा clarify करेंगे। आप बोलिए तो।

श्री अखिलेश प्रसाद सिंह : पहले आप पूरी बात बोल तो लें।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : मैं निवेदन कर रहा था कि मैंने आपसे जिस बात की चर्चा की कि भांडागारण कहाँ बनाए जाएँ, एसके लिए इस विधेयक में कोई व्यवस्था नहीं हैं। आप इसकी व्यवस्था करिए। हमारा उद्देश्य साफ है कि छोटे किसानों को, सीमान्त किसानों को उसका फायदा मिले। वे जब चाहें जमा कराएँ और जब चाहे निकालें। यह बात इसलिए आवश्यक है कि कृषि उपज मंडियों का जो नेटवर्क बना हुआ है, जिसके लिए वित्तीय प्रसाधन भी नाबार्ड करता हैं, हमारी वह सुविधा भी हो जाएगी। इसलिए कृपया उस व्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए इन भांडागारों का स्थान कहाँ हो, इस पर भी विचार करने की आवश्यकता हैं।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। जैसा मैंने चर्चा की और जैसा उस दिन कृषि मंत्री जी कह रहे थे कि हालत क्या बनी है, हमको गेहूँ आयात करना पड़ रहा है केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को जितना माल support price पर लेने की स्थिति में होना चाहिए था, उतना नहीं हुआ। इसलिए भांडागार खाली पड़े हैं। राज्य सरकार के मोटे अनुमानों के अनुसार पाँच से सात लाख अन्न खाद्यान्नों के भंडार के संस्थाओं में अभी स्थान बाकी है, जहाँ भांडारण किया जा सकता है। इसलिए इस बात की बड़ी आवश्यकता है कि जहाँ स्थान की प्रॉयरिटी अपने ध्यान में रखें, वहाँ इसे और बढाएँ या नहीं, इस पर विचार करें। सहकारिता के माध्यम से निश्चित रूप से

छोटे किसान को राहत पहुँचाने के लिए प्रयत्न किया जाए,इसके लिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ। आपने रसीदों को negotiable तो बना लिया किन्तु आप मेरी एक बात का उत्तर दें। एक सीमान्त किसान है, छोटा किसान है वह बीच में ही आधा माल निकालना चाहता है। रसीद का क्या होगा? वह इस बात के लिए forced होगा कि पूरी रसीद बेचो। आपने इसे negotiable बना दिया है। वह क्यों आधा माल बेचना चाहता है, क्योंकि उसे पूरी कीमत नहीं मिली और उसे आवश्यकता है, इसलिए बेचना चाहता हें। मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि आधा माल निकालते समय रसीद को कैसे इस्तेमाल किया जाएगा, इसका कोई वर्णन नहीं है। इसका कोई उपचार नहीं हैं, इसकी कोई दिशा नहीं दी गई है। इसलिए कौन आएंगें? बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ। कौन आएंगे? निजी व्यक्ति। कौन आएंगें? बिचौलिए।

जिस उद्देश्य के लिए यह भाण्डागार लाए गए हैं, उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए इन नेगोशिएबल रिसीट्स को आप कैसे बांटेंगे? क्सा आप उसके दो टुकड़े करेंगे, कोई दूसरी रसीद देंगे या कोई अन्य चीज़ करेंगे? इसकी कोई भी चर्चा इस विधेयक में नहीं की गई है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। यह जो विधेयक आया हैं, इसके कारण जो पहले से स्थापित भाण्डागार हैं, चाहें राज्य में हों या कहीं और हो, उनके निगमों के कार्यक्षेत्र और अधिकारों में भी कटौती कर दी गई है। अब यह मामला दिल्ली के हाथों मे, आपके हाथों में सैंट्रलाइज्ड मामला हो गया है। इससे कौन सी मानसिकता बनेगी? We are a Federal Government. We must be thinking in that direcation. इसलिए इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

आपके माध्यम से मैं मंत्री महोदय से एक बात और कहना चाहता हूं। स्थाई समिति में इन रसीदों की नेगोसिएशसन के बारे में अपना मंतव्य प्रकट किया है। उन्होंने यह कहा हैद्व "माल विक्रय अधिनियम के मूल सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए क्रेता का हक विक्रेता से बेहतर नहीं हो सकता"। क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि इस सारे कानूनया विधेयक को लाते समय आपने इस बात की चिंता की हैं, कि विक्रेता का हक क्रेता से बेहतर नहीं हो सकता है? आपने इस बात की चिंता नहीं की, यह बहुत बड़ा नुकसान होगा। इससे कभी कभी क्या होगा। आजकल* भी बहुत है * लोग रसीद के धारक को धमकी दे कर क्या बनाएंगें? यह भी एक विचारणीय प्रश्न हैं।

मैं एक और निवेदन करना चाहता हूं...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : ये दो शब्द, जिनका इन्होंने उपयोग किया है, अनपार्लियामेंटरी हैं।

श्री उपसभापति : आप ये दो शब्द निकाल दीजिए।

चतुर्वेदी जी, आपको जो समय ऐलॉट किया गया था, वह पूरा हो गया है, इसलिए मेहरबानी करके आप कंक्लूड कीजिए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : सर, मैं जल्दी ही खत्म कर रहा हूं। मैं तो केवल महत्वपूर्ण प्वाइंट्स को ले रहा हूं।

---

* Expunged, as ordered by the Chiar.

मेरा एक निवेदन और है, यद्यपि इस बिल में वित्तीय ज्ञापन तो नहीं दिया गया किन्तु इसके पहले जो ज्ञापन 2005 में आया था उसमें दो करोड़ रूपये का अनुमानित व्यय किया गया है। अभी तो यह यह देखने को दो करोड़ हैं, किन्तु जैसे जैसे लगान बढ़ेगा, यह भी बढ़ता चला जाएगा। किन्तु इसका उपयोग क्या है? मैं नहीं समझता हूं कि नेगोशिएबल रिसीट्स का अलावा इसका कोई दूसरा उपयोग है। आप इस पर भी विचार करें।

अंत में आपकी आज्ञा हो गई है, किन्तु एक अनशासित सदस्य होने के नाते मैं यह कहना चाहता हूं कि इन सब बातों पर समग्र रूप से विचार करके एक कॉम्प्रिहैंसिव विधेयक लाया जाए। इस आधे अधूरे विधेयक में, जिसमें विकास और निर्माण की कोई चर्चा न होकर केवल मात्र रेगुलेशन की चर्चा है। केन्द्र सरकार इस पर विचार करे। माननीय मंत्री महोदय इस कॉम्प्रिहैंसिव बिल के साथ आएं, मेरी ओर से यही प्रार्थना है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनर बात को समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to support this Bill, the Warehousing (Development and Regulation) Bill, 2007. My senior colleague, who is from my own State, has given a very detailed comment on this Bill. I think, it will be quite appropriate that the hon. Minister will reply to all his queries. Some of the queries are good. There is no doubt about it. But some of the queries are not necessary, in the sense that they cannot be part of the Bill. They will be in rules and regulations. It is good that you have pointed out those queries because that will come in the regulations and, I am sure, the hon. Minister will take care of that. Sir, definitely the objective of this Bill is warehouse receipts becoming a negotiable instrument. This is universally being done. It is not happening here. But, in some cases, in some other items, not in agricultural items, it is happening. What is the advantage of this? Mr. Chaturvedi mentioned as to what will happen to the small farmer? Actually, this helps the small farmer the maximum. He mentioned that big people or big merchants or middlemen or MNCs buy everything. To avoid such kind of a situation, this Bill allows the small farmers to store their products in warehouses. They need funds. And they will be able to, on the basis of the receipt, get bank loan. I request the hon. Minister to direct the bankers that the loans should be freely made available to small farmers. It is only then the purpose of this Bill will be served. It is only then the purpose of issuing the proposed negotiable instrument is served. If the bankers do not give loans against the receipt, then what Mr. Chaturvedi has said is correct and it creates problems. So, this has to be coordinated with the Ministry of Finance and other Ministries and ensure that bankers treat this as a priority sector, as has been done in the case of agriculture, and they must provide loans against the warehousing receipt. If that happens, the problem of the smallest farmer will be served. He will be helped much more than what he is being helped now. At the moment, the warehouses me used mostly for wheat and rice. That is why we have only 40 per cent to 50 per cent occupancy rate in warehouses. We need warehouses for vegetables, fruits and for horticulture products. At the same time, cold storage facilities should also be provided. If that happens, it will help the smallest producer of these commodities. The whole purpose of this Bill is very, very noble. The purpose is good. But, I would like to know from the hon. Minister how we achieve the objects of this Bill. Is there a public-private partnership? Are we gong to encourage the private capital to construct more and more warehouses? And, if we have those warehouses, how do we ensure what he

has mentioned? What is the security for goods of the depositors in those warehouses? What kind of sanctity will be there? How do we ensure that the goods lying there will continue to lie there? We have the receipt, as we find in many other cases but the material is not there. Either in collusion with the warehouse management or without collusion, the goods are siphoned off. How do you ensure those things? Sir, the quality is also important. Agricultural goods are perishable. Once you put agriculture goods of a particular quality, after sometime, you will find that the goods are rotten. For example, I deposited my goods say in the month of January and the shelf life of those goods is six months. In such a case, do you say that we should renew the receipt every month? Does the warehouse management give a receipt for quality also? Otherwise, how do I buy those goods without looking at its quality? Unless I know the quality, how can I buy them? Do I, as a purchaser, have a right to inspect the goods? If I have the right to inspect the goods, do we have that kind of warehousing management where the purchaser can really go and locate the goods? Because they are not properly kept. The hon. Minister, in his original remarks, had mentioned about scientific warehousing. Intentions are good. But, at the moment, it is not happening. And, probably, that may be the reason that this Bill will help us. At the moment, it is not scientific at all, either it is in the Central Warehousing Corporation, or, it is in the State Warehousing Corporation, or, it is at railway godowns, or, at the ports, or, even at the airports, we can see for ourselves what kind of warehousing is happening at different places. Sometimes when I pass through these areas, for some reason or the other, in different capacities of Parliament, the way they handle the goods is they simply throw them. For example, if a wheat bag is thrown that pain is there to the bag, but more pain is to me because of that throwing there is a great wastage as the bag is damaged in throwing. This is improper handling. The hon. Minister will know that when it used to be a 100 kg. bag, they would use hooks. Now, it is standardized to a 50 kg. bag. But, still, the use of hooks has not gone because this is our mindset. Can you make a law that hooks are not supplied to the workers or the labourers; and, if a hook is found, there will be a penalty on the management? The moment you have a hook, you damage the bag, and the moment you damage the bag, the quantities will come out. Chaturvediji mentioned about two per cent shortage. I don't know if it is two per cent. Sir, if you see the FCI records, I don't know what the percentage is. And, I don't think even the Ministry knows; I don't think anybody in the country knows. I can challenge, if anybody can tell me in the FCI, warehousing, what amount of losses have come up every year in the last 10 years, 15 years or 20 years. On record, they show that they have so much stock. But if you go there, I am sure you will not find that much stock because they are not kept properly. You cannot even check them properly. Stocks are lying for years. It is not on first-come-first-served. The result is, they are not usable; they are not eatable. And, this is the stock, the worst quality stock, which goes for the PDS. Our poorest of the poor people are forced to buy that kind of quality from ration shops. Adulteration is another story. I am simply talking on mishandling. And, there is no loss to the Government; there is no profit to the Government or to the FCI. It is simply mishandling and there is national wastage. That wastage finally goes into the stomachs of the poor people, who pay a higher price for the poorest quality of the cereals. This warehousing, not only in the public sector, but also in the private sector, has to be improved. With this Bill, there- will be competition. That is why I support this Bill. Once the competition comes, even the public sector warehousing will improve, like any other sector. This will finally help

the consumer. Sir, we have to make this warehousing a viable business. Those days are gone when warehousing was also under subsidy. If it is under subsidy, there will be no development. So, we have to make it viable; viable for the private sector and viable for the public sector also, then only this will grow up further. How do we make it viable? It will require setting up warehouses, providing infrastructure, providing backward and forward linkages, provision of trained manpower etc. Again Sir, even in handling of these bags or anything for that matter, any commodity, whether it is durable or non-durable, requires trained people to handle them so that they are not damaged. Do we have that kind of trained people available? I will request the hon. Minister to have some system by which — India is a large country — we can have lakhs and lakhs of trained people even to manage these warehouses. Please see if you can have some kind of trained people, training courses, and diploma courses even to handle these warehouses. So far, the warehouses are being used mainly for agro and agro-related products, like fertilizers. We require trained manpower to manage bulk non-agricultural commodities, like metals, manufactured goods etc. And, even for the allied agri-sectors, like horticulture, floriculture, or, products that have low shelf life or are perishable, we do not have equipped warehouses. For example, in floriculture so much export is possible, especially, Sir, from your State; from Bangalore But, you will be amazed to know that when those flowers are stored, even if there is one small leakage of gas; one small leakage in one corner of the entire area, say, 10,000 sq. feet block, it will damage the quality of flowers and, then, importers from foreign countries will not accept those kinds of flowers. So, it is a very technical thing. It is not simple storage. Storage is no more an ordinary thing. We have to have silos, good quality silos, for all kinds of storages.

What kind of incentives or what kind of infrastructure is the Government adding through this Bill or supporting it, so that this Bill can be really effoctive? I do not want to say what Shri Chaturvedi has said that this Bill will not really be effective. I will request the Minister to do something so that infrastructure is developed in such a way that Mr. Chaturvediji is proved wrong and the country is also benefited.

DR. AKHILESH PRASAD SINGH: It will be proved wrong.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Thank you, Sir. It will be worthwhile if we look at the state of the existing warehouses. I have mentioned about handling at railway stations and the way they are mishandled.

I do welcome this Bill. But, I would like to know from the hon. Minister how many recommendations have been received from the Standing Committee, and how many have been accepted because the whole purpose of this Standing Committee is to have a detailed discussion. And most of the time my experience is that whenever the Bill goes to the Standing Committee, hundred per cent recommendations are excepted to be accepted by the Government and if they are not accepted, the reasons should be given because these Standing Committees discussions are detailed discussions. The views of all stakeholders are taken into consideration. All the stakeholders are giving evidence. All decisions are taken unanimously. Sir, in the Standing Committee, there are Members from all Parties; so, all decisions are unanimous. If a unanimous decision has been taken by the Standing Committee, I don't find any reason why the Government should have any objection to accept all the recommendations. If they don't accept, I think, in all fairness, we should know why, what is the problem in not

accepting those recommendations. Sir, I do support the Bill. It is a good beginning, but there is a need to improve upon this beginning. The upcoming revolution in retail sector will be closely linked with the growth of warehousing business. In fact, In foreign countries, warehousing — not only for long-term storage— is done outside the main towns. Even consumers can go there and buy at half the price. They are known as warehouses. All kinds of commodities are available there. We want that kind of a revolution in our country.

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN), in the Chair.]

Thus, a consumer can be benefited. He can buy more than one commodity from the same warehouse. It should be like multi-products warehouses. All these things should be developed outside the towns. This will go a long way in helping micro, small and medium entrepreneurs and farmers, which I have already mentioned, by getting bank loans. However, Sir, the Bill must address the following. I have a few suggestions to make to the hon. Minister for his consideration. The first one is, with the CST still in place, how would the issue of inter-State transfer of these warehouse receipts be resolved if the actual delivery is not taken? Has this point been taken into consideration? Because, after this Bill is passed, it will be implemented. But, then, the Sales Tax Officers will create problems for the traders or the people who are handling these things, either the farmers or anybody else; then, the whole purpose will be defeated. We have to have a fool-proof system and full explanation as to how the sales tax problem will be solved with this. Number two, even in the intra- State transfer of WRs, what rate of VAT will be applicable, as there will be no value addition in mere transfer of the WR without taking actual delivery? So, VAT will be another problem. So, that also should be looked into. How do we handle this? Number three, Sir, the Bill is likely to create twin authorities governing the Commodity market, the proposed Warehousing Development and Regulatory Authority and the Forwards Market Commission to regulate the commodity market. The two authorities may create contradictory situation. Does the Bill address such a situation? I am not elaborating upon it. Minister is very intelligent. He has understood this point. There should be no contradictions. We are bringing forward a Bill for improvement, but this way, there will be more complications. Who registers a warehouse? Nowhere it is mentioned. If it comes under regulation, I Have no problem, but, at least, the registering authority should be identified. Is it the WDRA or the agency accredited by it? Or, the warehouse will have to be registered with both. Yet, no time limit for granting registration is given. Only three days ago, an issue came to my notice. On the one hand, we are saying that there is an acute shortage of educational institutions. Colleges are not there; schools are not there; universities are not there. They came to me and said. "we have full infrastructure ready, but Ministry is not making any inspection." They are not asking for any favours! They say, "you inspect it and if you find it in order, then, you let us operate; otherwise one whole year would be lost." Hundreds and thousands of students will suffer. So, in view of that, Sir, I request that there should be a time-limit. Once the infrastructure is ready, the registration should be obligatory on the part of the Government to give the registration so that the entrepreneur can start operating on that. It is a national waste. The infrastructure is ready and the registration is not there! So, please put a time-limit. Once the application is made, within a particular time-frame, the registration has to be granted or the officer has to be made

Accountable for not giving the registration. Something of that sort has to happen. Otherwise, the purpose of the Bill would not be served. I mean, you make the Bill and we will still get stuck in the redtapism. That has to be avoided. The Bill must prescribe a time-limit between application for registration by the warehouse and the actual grant of registration.

Sir, the next point is, apart from the members of the Authority, the Bill does not prescribe the professional expertise required of its middle and lower management staff. I am sure this will come under the rules. So. I will request the hon. Minister to specify the qualification also. Anybody and everybody should not become the staff member. This is a very specialised business. For a specialised business, we need specialised people. So, I will request the hon. Minister to look into it so that professional expertise is available for management of these warehouses.

Then, Sir, the Bill also does not make it clear that the professionals from the private sector too can become the Chairman or members of the Authority. It is likely that the Authority will be manned, as usual, by the officers on deputation or by retired Government servants. This will compromise the independence of the Regulatory Authority in the longer run. I am not saying that you don't have retired bureaucrats, but let us not confine to them only. In today's world, in today's India. we have experts available who are not necessarily in the Government, who were never in the Government, who do not want to be in the Government, but they want to serve the Government, they want to serve the society and they want to serve the nation. Why do you want to keep them away? Please also consider them. So, I will request the hon. Minister to consider this aspect also.

Some States also have their warehousing regulations. Will State warehouses too come under the jurisdiction of Warehousing Development and Regulatory Authority? The Parliamentary Standing Committee has observed that the Government has not consulted the State Governments. My hon. friend, Chaturvediji, has also mentioned about it. Given the fact that warehousing is not a part of the Concurrent List. Will the Act have overreaching powers over the existing State Acts? If not, what is the use of having two parallel systems, one for the Central Government warehouses and the other for the State warehouses? Of course, this is one point which I am raising and he has also raised it. I agree with him that we need clarification on this. I do not know whether he is a member of that Standing Committee. I am not. The Standing Committee must have gone into these details. The Standing Committee must have consulted the States.

